# धामी कॉलेज में एनसीसी के नए कैडेट्स के लिए आयोजित किया परिचय कार्यक्रम




**दैनिक आवाज जनादेश) सुन्नी**

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में गुरुवार को एनसीसी इकाई द्वारा एनसीसी कैडेट के लिए परिचय और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए कैडेट को एनसीसी के उद्देश्य, महत्व और विद्यार्थी जीवन में मिलने वाले लाभ बारे जानकारी उपलब्ध करवाना रहा । कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए कुल 27 छात्र व छात्राओं का चयन किया गया , जिसमें 13 छात्राएं और 14 छात्र चयनित हुए हैं। महाविद्यालय के प्रो डॉ नवीन ठाकुर को कार्यवाहक अधिकारी नियुक्त किया गया । इस दौरान उनके द्वारा छात्रों को एनसीसी के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह कंवर ने कैडेट को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, देश प्रेम का जज्बा और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं तथा कैडेट को सशक्त एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टाफ भी मौजूद रहा ।

MY NET TV

निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल

डिजिटल समाचार

Thursday 30th October 2025

website: mynettv. online

# राजकीय महाविद्यालय धामी में एनसीसी इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित




धामी (सोलह मील), 30 अक्टूबर। राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को एनसीसी इकाई द्वारा इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव-केडेट्स को एनसीसी के उद्देश्य, महत्व और लाभ से अवगत कराना था।

सत्र 2025-26 के लिए कुल 27 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है, जिनमें 14 छात्र और 13 छात्राएं शामिल हैं। महाविद्यालय के प्रो. डॉ. नवीन ठाकुर को केयर टेकर नियुक्त किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी की संरचना, प्रशिक्षण प्रणाली और भविष्य में मिलने वाले अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, देशभक्ति और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है तथा उन्हें सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है।